NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No :206/NCRES/20 Date : 8.10.2020

श्रीमान महाप्रबन्धक (कार्मिक)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– कर्मचारियों के वेतन से मान्यता प्राप्त यूनियन के सदस्यता शुल्क/लेवी की कटौती करना।

सन्दर्भ :– प्रधान कार्यालय का पत्र दिनांक 23.9.2020

महोदय,

अवगत कराना है कि कर्मचारी के वेतन से यूनियन के सदस्यता शुल्क/लेवी की कटौती के लिये बनाये गये JPO के सम्बन्ध में दोनो मान्यता प्राप्त यूनियन के साथ दिनांक 21.1.2020 को CPO (IR) के कक्ष में बैठक हुई और बैठक के वृत्तासार का ड्राफ्ट NCRES के पास दिनांक 29.1.2020 को Email द्वारा भेजा गया जिसमें मामूली संशोधन कर NCRES ने Email द्वारा दिनांक 30.1.2020 को प्रधान कार्यालय भेज दिया।

उपरोक्त सम्बन्ध में प्रधान कार्यालय का पत्र दिनांक 6.3.2020 प्राप्त होने पर NCRES ने CPO (IR) से दिनांक 9.3.2020 को वार्ता कर स्पष्ट किया था कि "सदस्यता शुल्क/लेवी की कटौती रोकने का प्रार्थना पत्र जब NCRES के महामंत्री को प्राप्त होगा, उसके दो माह के अन्दर प्रशासन को अग्रसारित कर दिया जायेगा।"

यहाँ यह भी स्पष्ट करना है कि कर्मचारियों द्वारा सदस्यता शुल्क/लेवी की कटौती रोकने के लिये दिया गया प्रार्थना पत्र JPO के पैरा 12 के अनुसार अगले वर्ष के लिये ही प्रभावी होगा।

उपरोक्त के अलावा यदि अन्य किसी बिन्दु पर चर्चा किया जाना हो तो NCRES को अवगत कराने का कष्ट करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री